मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-116
04/02/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में किशनगंज जिले की समीक्षात्मक बैठक की

पटना, 04 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने समाधान यात्रा के क्रम में किशनगंज जिले में विभिन्न विभागों द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनाओं की प्रगति के संबंध में जिला परिषद् सभागार, किशनगंज में जिला स्तरीय समीक्षात्मक बैठक की। इस समीक्षात्मक बैठक में किशनगंज जिले के सांसद एवं विधायकगण तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव शामिल हुए।

बैठक में जिलाधिकारी किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने अपने प्रस्तुतीकरण में हर घर नल का जल, हर घर तक पक्की गली–नालियां, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना/कुशल युवा कार्यक्रम, सात निश्चय–1 के तहत जिले में निर्माण किए जाने वाले भवनों की स्थिति, पॉलिटेक्निक संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना, मत्स्य संसाधन का विकास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के शैक्षणिक उत्थान के लिए आवासीय विद्यालय, मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना एवं महादलित सामुदायिक भवन सह वर्क शेड योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही जीविका समूह का गठन, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन, अल्पसंख्यक छात्रावास योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक छात्रावास अनुदान योजना, अल्पसंख्यक मुस्लिम परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला सहायता योजना, मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना (पिछड़ा एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए), जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना (अति पिछड़ा वर्ग हेतु), हर खेत तक सिंचाई का पानी एवं बाल ह्दय योजना सहित अन्य योजनाओं के संबंध में भी मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने–अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के यथाशीघ्र समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया।

बैठक में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नई बसावटों में हर घर तक पक्की गली–नाली का निर्माण कार्य एवं हर घर तक नल के जल की सुविधा लोगों को उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम करें। कुशल युवा कार्यक्रम का क्रियान्वयन ठीक से कराएं और जिलाधिकारी इसकी सतत् निगरानी करते रहें। उन्होंने कहा कि उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना के मामले पेंडिंग न रहें, इस पर विशेष ध्यान दें। हर खेत तक सिंचाई का पानी पहुंचाने के लिए तेजी से काम करें ताकि किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत हो। बाल ह्दय योजना का लाभ सभी जरूरतमंदों को मिले, इस पर विशेष ध्यान दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में आवागमन को आसान बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने जो सुझाव दिए हैं, उस पर गौर करें। पुरानी सड़कें एवं पुल–पुलियों के मेंटेनेंस ठीक ढंग से कराएं। जहां बाढ़ निरोधक कार्यों की जरूरत है, उस पर तेजी से काम करें।

जिलाधिकारी श्री श्रीकांत शास्त्री ने अंगवस्त्र भेंटकर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

समीक्षा बैठक के दौरान वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन–संपर्क मंत्री श्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो0 जमा खान, खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री श्री सुमित कुमार सिंह, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री शाहनवाज, सांसद श्री जावेद आजाद सहित अन्य विधायकगण, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक श्री आर0एस0 भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ० एस० सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त पूर्णिया प्रमंडल श्री मनोज कुमार, पुलिस महानिरीक्षक पूर्णिया प्रक्षेत्र श्री सुरेश प्रसाद चौधरी, जिलाधिकारी किशनगंज श्री श्रीकांत शास्त्री, पुलिस अधीक्षक डॉ0 इनामुल हक मेंगनू सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

******